हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 26 अप्रैल 2026
[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 31.0 डिग्री

13 मंत्री टंकराम के स्वेच्छानुदान से 24 ...



14 पलारी में निकाली भगवान परशुराम...



# अनिश्चितकालीन हड़ताल पर प्रबंधक, तेंदूपत्ता व्यवस्था पर संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी समिति प्रबंधक संघ के आह्वान पर प्रदेश के 902 लघु वनोपज प्रबंधक 22 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा चुके हैं। इसका असर प्रदेश के 14 लाख तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार एवं 65 लाख से अधिक संग्राहकों की आजीविका पर पड़ सकता है। वर्षों से लंबित मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं होने से प्रबंधकों में भारी आक्रोश है और अब उन्होंने निर्णायक संघर्ष का रास्ता अपनाया है। जिले के वनोपज प्रबंधक शहर के दहशहरा मैदान में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं।

## 65 लाख से अधिक संग्राहकों की आजीविका पर पड़ेगा सीधा असर




### 80 हजार ग्रामीण परिवारों पर असर की आशंका

दंतेवाड़ा जिले में भी प्रबंधक 23 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है।इसकी सूचना देने उन्होंने पहले ज्ञापन सौंप चुके हैं। जिले में 18 अप्रैल से तेंदूपत्ता खरीदी प्रारंभ हो चुकी है, ऐसे में हड़ताल का सीधा असर यहां के लगभग 80 हजार ग्रामीण परिवारों पर पड़ना तय माना जा रहा है। तेंदूपत्ता संग्रहण, भुगतान एवं प्रबंधन कार्य प्रभावित होने से स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों पर व्यापक असर पड़ सकता है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन और उग्र होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

प्रदेश अध्यक्ष सन्नी साहू ने बताया कि प्रबंधक पिछले 38 वर्षों से सुदूर वनांचल क्षेत्रों में वनोपज संग्रहण, समिति संचालन एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कर रहे हैं, लेकिन आज तक उन्हें नियमित कर्मचारी का दर्जा, वेतनमान, पेंशन, मेडिकल जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पाई हैं, जो सीधा अन्याय है। संघ की प्रमुख मांगों में नियमितीकरण, वेतन मैट्रिक्स लेवल 07, 08 एवं 09 लागू करना, सेवा सुरक्षा, पेंशन, अनुकंपा नियुक्ति एवं लंबित भुगतान का निराकरण शामिल हैं। प्रबंधकों का कहना है कि बार-बार आश्वासन के बावजूद कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने से अब आंदोलन ही ▶▶ शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### कनकी में मनाया गया राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस

खरोरा। तिल्दा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कनकी में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस उत्साह से मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कनकी के सरपंच दुर्गेश वर्मा, उपसरपंच पुनीत वर्मा सभी पंच सचिव कोमल प्रसाद साहू एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं एवं नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में पंचायत राज व्यवस्था के महत्व, ग्रामीण विकास योजनाओं, स्वच्छता, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही जल सरंक्षण, जल संवर्धन हेतु चर्चा किया गया। प्रत्येक छत वाले घरों में वाटर हार्वेस्टिंग संरचना बनाने हेतु जागरूक किया गया। जनगणना 2027 कार्यक्रम के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया गया। वक्ताओं ने कहा कि पंचायत राज व्यवस्था लोकतंत्र की मजबूत नींव है, जिससे गांवों के विकास को नई दिशा मिलती है। कार्यक्रम में ग्रामीणों को पंचायत स्तर पर संचालित योजनाओं का लाभ लेने एवं ग्राम विकास में सक्रिय सहभागिता निभाने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सरपंच दुर्गेश वर्मा द्वारा उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणजनों का आभार व्यक्त किया गया।

### बाल विवाह और साइबर फ्राड पर हुई कार्यशाला



पलारी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश में शनिवार को वित्तीय साक्षरता दिवस के अवसर पर आई सेक्ट कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र पलारी में कार्यशाला में बाल विवाह, साइबर अपराध, पाक्सो एक्ट, टोनही प्रतिरोध अधिनियम को लोक अदालत के संबंध में पैरा लीगल वालेंटियर शुकदेव सेन पुलिस थाना पलारी द्वारा जानकारी प्रदान की गई। इस कानूनी जानकारी को विद्यार्थी उत्सुकता से सुने। कार्यशाला में संचालक जानिक राम वर्मा एवं स्टाफ अंजली, रेणुका, संगीता शिक्षक, राहुल, पारस, देव, सागर, हर्ष, हरीश, सूर्यांश, ईश्वर, तोमेश, आशीष, नीता, ज्योति, अंजुम, निशु, प्रिया, तृप्ति, मुस्कान, पायल, अल्का, निधि, नीलिमा, कविता, नीलम, अंजली सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

### बाइक सवारों से गांजा बरामद

महासमुंद। ग्राम साल्हेझरिया नाका के पास बसना पुलिस ने बाइक सवारों के कब्जे से गांजा बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि 24 अप्रैल को ग्राम साल्हेझरिया नाका में वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक मोटर सायकल में दो व्यक्ति एक बैग में कुछ संदिग्ध सामान लाते दिखा और पुलिस को देखकर हड़बड़ाकर मोटर सायकल को मोड़कर भागने का प्रयास करने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया।

## कार्रवाई : इंस्टाग्राम पोस्ट पर विवाद, आरोपियों ने घेरकर की बेरहमी से पिटाई

# युवक को पीटा और पेट्रोल डालकर जलाने की कोशिश, 9 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सोशल मीडिया पर छिड़ी जंग असल जिंदगी में कितनी घातक हो सकती है, इसका जीता-जागता उदाहरण बलौदाबाजार के खोरसीनाला क्षेत्र में देखने को मिला। यहां इंस्टाग्राम पर डाले गए एक धमकी भरे स्टेटस से नाराज होकर कुछ युवकों ने एक राय होकर 19 वर्षीय युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने न केवल उसे क्रिकेट बैट और डंडों से पीटा, बल्कि उसे जिंदा जलाने के इरादे से उस पर पेट्रोल भी डाल दिया।

पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि प्रार्थी भीमबली साहू 19 वर्ष ने 21 अप्रैल को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर आरोपी राहुल भारती और उसके साथियों के खिलाफ एक धमकी भरा स्टेटस डाला था। इस पोस्ट से आक्रोशित होकर आरोपियों ने भीमबली को सबक सिखाने की योजना बनाई।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ की विभिन्न धाराओं (109(1), 115(2), 351(2), 61(2), 191(2), 191(3), 190) में मामला दर्ज किया है। सभी आरोपियों को 24 अप्रैल को न्यायालय में पेश कर जेल भेजे गए।

### पुलिस जांच में खुलासा, कई धाराओं पर केस दर्ज



### युवक पर जानलेवा हमला

साजिश के तहत आरोपियों ने भीमबली को धोखे से खोरसीनाला के पास बुलाया। जैसे ही वह वहां पहुंचा, पहले से घात लगाकर बैठे राहुल भारती और उसके 8 अन्य साथियों ने उसे घेर लिया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए क्रिकेट बैट, स्टिक और लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया।

### भीड़ जुटते ही आरोपी मौके से फरार

वारदात के दौरान हैवानियत की सारी हदें पार करते हुए आरोपियों ने अपनी मोटरसाइकिल से पेट्रोल निकालकर भीमबली के ऊपर डाल दिया। आरोपी माचिस जलाकर उसे आग लगाने ही वाले थे कि तभी आसपास के लोगों की भीड़ जुटने लगी। भीड़ को अपनी ओर आता देख आरोपी मौके से फरार हो गए, जिससे भीमबली की जान बाल-बाल बच गई।

### पुलिस की त्वरित कार्रवाई

सिटी कोतवाली पुलिस ने तत्काल घेराबंदी की। रिपोर्ट के महज 12 घंटे के भीतर पुलिस ने मुख्य आरोपी 23 वर्षीय राहुल भारती सहित हरीश कुमार साहू उर्फ मानु 21 वर्ष, विकास भारती उर्फ झोल्टू 22 वर्ष,चंद्र प्रकाश डोंगरे उर्फ मिर्ची 25 वर्ष, अमन भारती 22 वर्ष, राहुल यादव उर्फ जैकर 28 वर्ष, दुर्गेश दास मानिकपुरी 19 वर्ष, साहिल भारती उर्फ सदल्लू 18 वर्ष और विधि से संघर्षरत एक बालक समेत कुल 9 लोगों को हिरासत में ले लिया।

# पीएसीएल चिटफंड कंपनी के दो और डायरेक्टर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

चिटफंड कंपनी के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाले जालसाजों के खिलाफ बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पलारी पुलिस ने पीएसीएल (पी.ए.सी.एल. इंडिया लिमिटेड) के दो फरार डायरेक्टरों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी उत्तर प्रदेश की उरई जेल में बंद थे, जिन्हें प्रोडक्शन वारंट पर छत्तीसगढ़ लाया गया है।

■ उत्तर प्रदेश की जेल से पलारी पुलिस ने लिया हिरासत में

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने पीएसीएल कंपनी के माध्यम से लोगों को ऊंचे मुनाफे का लालच देकर निवेश कराया और फिर पैसा डकार लिया। पुलिस ने 24 अप्रैल को दोनों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। इस हाई-प्रोफाइल ठगी मामले में अब तक कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ ▶▶ शेष पेज 13 पर

### वर्षों से फरार आरोपी गिरफ्तार

पलारी पुलिस पिछले कई वर्षों से इस मामले के फरार आरोपियों की तलाश कर रही थी। विवेचना के दौरान सूचना मिली कि मामले के दो आरोपी गुरनाम सिंह 59 वर्ष निवासी जिला रोपड़ पंजाब और गुरुजंत सिंह 80 वर्ष निवासी मोहाली पंजाब, जो उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में EOW (आर्थिक अपराध शाखा) के एक मामले में जिला जेल उरई में निरुद्ध हैं। सूचना मिलते ही पलारी पुलिस ने त्वरित न्यायालयीन प्रक्रिया पूरी की और दोनों को हिरासत में लिया।

### 38 लाख से ज्यादा की ठगी

पीएसीएल कंपनी ने पलारी क्षेत्र के भोले-भले लोगों को अधिक ब्याज और रकम दोगुनी करने का लालच देकर निवेश कराया था। समय सीमा बीतने के बाद भी जब पैसा वापस नहीं मिला, तब पंचराम साहू ने 7 नवंबर 2016 को थाना पलारी में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जांच में सामने आया कि कंपनी ने इलाके के 128 निवेशकों से कुल 38,18,310 रुपये की ठगी की है।

## भाटापारा और दामखेड़ा के होटल और मिठाई दुकानों में खाद्य विभाग की दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

खाद्य सुरक्षा टीम ने भाटापारा एवं दामखेड़ा में जांच अभियान चलाया। दामाखेड़ा में साहू होटल एवं स्वीट्स में खाद्य पदार्थ ढंककर नहीं रखने व फ्रिज में गन्दगी पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम की धारा 55 के तहत नोटिस जारी किया गया।

भाटापारा शहर के आयुष डेयरी व पटेल डेयरी दतरेंगी का औचक निरिक्षण किया। पटेल डेयरी से मलाई क्रीम का नमूना लेकर जांच हेतु राज्य खाद्य परिक्षण प्रयोगशाला भेजा गया। पूर्व महीनों में जांच हेतु लिए गये नमूनों में अविनाश पोहा इंडस्ट्रीज भाटापारा



के पैक्ड पोहा व शीतल इंडस्ट्रीज भाटापारा के पैक्ड बेसन में पोषण संबंधी जानकारी अपूर्ण होने के कारण मिथ्याछाप घोषित किया गया है। खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के लेबलिंग व डिस्प्ले रेगुलेशन 2020 के तहत सभी पैक्ड खाद्य उत्पादों में पोषण सुचना संबंधी पूर्ण जानकारी देना अनिवार्य है।

## मुरा में अवैध शराब की अवैध बिक्री जोरों पर, किराना दुकान में 200 रुपए में पौवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

खरोरा थाना अंतर्गत क्षेत्र के ग्राम मुरा में अवैध शराब बिक्री एक बार फिर जोरों पर है, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। गांव में खुलेआम नियमों की अनदेखी करते हुए शराब का अवैध कारोबार चल रहा है।ग्रामीणों के अनुसार, एक महिला अपने किराना दुकान में बेखौफ होकर करीब 200 प्रति पौवा के हिसाब से शराब बेची जा रही है। यह गतिविधि लंबे समय से जारी है, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पाया है। इधर, ग्राम मुरा के महादेव मंदिर के पास प्रतिदिन शाम को शराब बेचने और पीने वालों का जमावड़ा लग जाता है।

■ अवैध शराब से बिगड़ता माहौल

### ग्रामीणों ने कार्रवाई की उठाई मांग

ग्रामीणों का कहना है कि अवैध शराब के कारण युवाओं में नशे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है, जिससे गांव में झगड़े और असामाजिक घटनाएं बढ़ रही हैं। महिलाओं और बुजुर्गों ने भी इसे गांव की शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव में अवैध शराब बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और महादेव मंदिर के पास लगने वाले जमावड़े को तुरंत हटाया जाए।




## स्वैच्छिक योगदान से अब तक 22.57 लाख की राशि संग्रहित

# ग्रामीणों की भागीदारी से पंचायतों में हर घर जल योजना का बेहतर संचालन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले जल जीवन मिशन अंतर्गत हर -घर नल से जल के बेहतर संचालन के लिये ग्रामीण परिवारों में जागरूकता बढ़ी है जिससे वे स्वयं आगे बढ़कर जल कर क्री राशि जमा कर रहे है। ग्रामीण परिवारों द्वारा जल कर का नियमित, स्वैच्छिक एवं उत्साहपूर्ण योगदान इस बात का प्रमाण है कि समुदाय अब जल प्रबंधन में सक्रिय भागीदारी निभा रहा है।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल के नेतृत्व में हर-घर जल के बेहतर प्रबंधन व संचालन हेतु ग्राम पंचायतों को

### पाइपलाइन की त्वरित मरम्मत व जलापूर्ति प्रणाली के नियमित रख-रखाव में होगा उपयोग



जिम्मेदारी दी गई है। जनभागीदारी के फलस्वरूप अब तक कुल 22 लाख 57 हजार 415 की राशि संकलित की जा चुकी है। इस राशि का उपयोग नल एवं पाइपलाइन की त्वरित मरम्मत, जल आपूर्ति प्रणाली के नियमित रख-रखाव एवं उन्नयन तथा जल संरक्षण एवं संवर्धन के स्थायी कार्यों में किया जा रहा है।विकासखंड भाटापारा के 54 ग्राम पंचायतों से 4,32,580, कसडोल के 116 ग्राम पंचायतों से 92,430, सिमगा के 86 ग्राम पंचायतों से 1,43,620, पलारी के 102 ग्राम पंचायतों से 13,57,215 तथा बलौदाबाजार के 78 ग्राम पंचायतों से 2,31,550 राशि संग्रहित किया गया है।प्रति ग्राम पंचायत 60 रुपए प्रति माह जलकर निर्धारित किया गया है।

इस पहल से गांवों में "अपना जल, अपनी जिम्मेदारी" की भावना विकसित हुई है। साथ ही जल के दुरुपयोग पर ग्राम पंचायत द्वारा आर्थिक दंड एवं जागरूकता के माध्यम से अनुशासन सुनिश्चित किया जा रहा है।

# समर्पण करने वाले सभी नक्सलियों का होगा सत्यापन, पिछले जीवन का तैयार होगा ब्योरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में आत्मसर्मपण करने वाले नक्सलियों का अब सत्यापन होगा। खास बात ये है कि इस काम के लिए राज्य सरकार ने नक्सल प्रभावित जिलों के पुलिस अधीक्षक (एसपी) को अधिकृत किया है।

सत्यापन के दौरान समर्पितों द्वारा दी गई जानकारी का ब्योरा तैयार किया जाएगा। मार्च में छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त घोषित किया गया है, लेकिन इससे पहले राज्यभर में करीब 2700 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। छत्तीसगढ़ शासन ने राज्य में वामपंथी उग्रवाद के खात्मे और नक्सलियों के मुख्यधारा में लौटने की प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार के गृह विभाग (सी-अनुभाग) द्वारा जारी इस नवीन आदेश के तहत, अब नक्सल प्रभावित जिलों के जिला पुलिस अधीक्षकों को आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों द्वारा दी गई जानकारी और विवरण को लेखबद्ध करने तथा उसे अद्यतन (अपडेट) करने के लिए आधिकारिक रूप से नामांकित किया गया है।



### केंद्र सरकार के निर्देश का करेंगे पालन

यह निर्णय भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा पूर्व में जारी (2013 एवं 2022) नक्सलियों के आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास कार्ययोजना के दिशा-निर्देशों के परिपालन में लिया गया है। केंद्र सरकार की नीति के बिंदु 6.2 के अनुसार, कोई भी नक्सल कैडर जिला मजिस्ट्रेट, एसपी, रेंज डीआईजी, या अन्य अधिसूचित अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण करने के लिए स्वतंत्र है।

### पिछले जीवन का तैयार होगा ब्योरा

राज्य में नक्सलियों के सत्यापन के पीछे वजह ये है कि समर्पण करने वाले नक्सलियों के पूर्ववृत यानि उनके पिछले जीवन की जानकारी ली जाएगी। आत्मसमर्पित माओवादियों द्वारा दी गई जानकारी को निर्धारित प्रोफार्मा में भरकर संबंधित अधिकारियों को भेजा जाएगा। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि दी गई जानकारी का संबंधित निकायों से सटीक सत्यापन कराया जाए। जानकारों का मानना है कि जिला स्तर पर पुलिस अधीक्षकों को सीधे तौर पर विवरण अपडेट करने के लिए नामांकित करने से पुनर्वास योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक जल्द पहुंच सकेगा और छद्म आत्मसमर्पण जैसी स्थितियों पर लगाम लगेगी।

### तीन साल में 2700 से अधिक ने किया है समर्पण

छत्तीसगढ़ में पिछले तीन वर्षों (2024 से 2026 तक) के दौरान नक्सल मोर्चे पर आत्मसमर्पण के आंकड़ों में भारी वृद्धि देखी गई है। आधिकारिक आंकड़ों और रिपोर्टों के अनुसार, जनवरी 2024 से लेकर मार्च 2026 के शुरुआती सप्ताह तक प्रदेश में 2,714 माओवादियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में वापसी की है। इनमें से अकेले बस्तर संभाग में जनवरी, 2024 से मार्च, 2026 के बीच 2,625 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। वर्षवार आंकड़ों पर गौर करें तो 2024 में कुल 881 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया था, जबकि 2025 में यह संख्या बढ़कर लगभग 1,973 (अक्टूबर तक के आंकड़ों सहित) तक पहुंच गई।

### इनामी नक्सली से लेकर नेता और महिलाएं भी

आत्मसमर्पण करने वालों में बड़े कैडर के नेताओं से लेकर निचले स्तर के सदस्य तक शामिल हैं। उदाहरण के तौर पर, मार्च 2026 में एक साथ आत्मसमर्पण करने वाले 108 नक्सलियों में 6 डिवीजनल कमेटी सदस्य (जिन पर 8-8 लाख रुपये का इनाम था), 3 कंपनी प्लाटून कमेटी कमांडर, 18 प्लाटून पार्टी कमेटी सदस्य, 23 एरिया कमेटी सदस्य और 56 साधारण पार्टी सदस्य शामिल थे। महिलाओं की भागीदारी की बात करें तो मार्च 2026 की एक बड़ी घटना में आत्मसमर्पण करने वाले 15 नक्सलियों में से 9 महिलाएं थीं। इसके अतिरिक्त, 2025 के अंत तक समर्पण करने वालों में 10 वरिष्ठ ऑपरेटिव भी शामिल थे, जिनमें से एक पर 1 करोड़ रुपये का इनाम था।

## खबर संक्षेप



### कांग्रेस का बिजली दफ्तर में प्रदर्शन

**रायपुर।** प्रदेश के कई जिलों में पॉवर कंपनी के अधिकारियों द्वारा बिजली बिल का पैसा जमा करने के स्थान पर गबन कर लिया गया है। इस मामले में कांग्रेस ने शुक्रवार को डगनिया के पॉवर कंपनी के दफ्तर में जमकर प्रदर्शन किया और एमडी के सामने मांग रखी कि इस गबन के 20 करोड़ रुपए की पूरी वसूली अधिकारियों से की जाए। इसी के साथ अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की जाए। पूर्व महापौर प्रमोद दुबे से बताया पॉवर कंपनी के अधिकारियों ने आम जनता के पैसों को डकारने का काम किया है। जहां कवर्धा में खेलीडीह में 20 लाख की गड़बड़ी पाई गई है, वहीं शिवरीनारायण के मस्तूरी में 6 करोड़, अंबिकापुर में 3.6 करोड़, बिलासपुर में दो करोड़, राजनांदगांव में डेढ़ करोड़ सहित अलग-अलग स्थानों में 20 करोड़ रुपए की गड़बड़ी अधिकारियों ने की है।

### अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान : शुक्ला

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद जनता को पूरे 24 घंटे बिजली नहीं मिल रही है। पूरे प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती हो रही है।



ढाई साल में विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। कोई ऐसा दिन नहीं होता जब बिजली दो-चार घंटे के लिए बंद न हो, रात में तो बिजली की स्थिति और भयावह हो जाती है, घंटों बिजली गुल हो जाती है। सरकार एक तो पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही, ऊपर से उपभोक्ताओं पर महंगी बिजली का बोझ डाल रही है। प्रदेश के अनेक जिलों में तो पूरी रात बिजली कटौती हो रही है। भाजपा सरकार में आम जनता को मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल रही है। बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से शहर और गांव की जनता जूझ रही है।

### पानी-सफाई-सड़क के मुद्दे पर भाजपा चुप, विशेष सभा के बहाने राजनीति



**रायपुर।** पूर्व महापौर एजाज ढेबर ने नगरीय प्रशासन विभाग के निर्देश पर पर महिला सशक्तिकरण के विषय पर बुलाई जा रही विशेष सामान्य सभा को लेकर गंभीर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि विशेष सामान्य सभा का उद्देश्य आपातकालीन और जनहित के मुद्दों पर चर्चा करना होता है, लेकिन वर्तमान में इसका उपयोग राजनीतिक एजेंडा आगे बढ़ाने के लिए किया जा रहा है।

श्री ढेबर ने सवाल उठाया कि शारदा चौक–तात्यापारा चौक सड़क चौड़ीकरण जैसे महत्वपूर्ण और लंबे समय से लंबित मुद्दे पर, जिसकी मांग सभी दलों के पार्षदों ने की है, उस पर विशेष सामान्य सभा क्यों नहीं बुलाई गई? वहीं शहर में पानी, सफाई और गर्मी से राहत जैसे गंभीर विषयों पर भी चर्चा से बचा जा रहा है।

## गांव के विकास में पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका अहम

# सीएम साय बोले- पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाकर विकसित भारत की नींव कर रहे मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के डीडीयू ऑडिटोरियम में आयोजित पंचायत पदाधिकारी सम्मेलन में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, डबल इंजन की हमारी सरकार पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाकर विकसित भारत की नींव को मजबूत कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में गांवों के समग्र विकास का नया अध्याय लिखा जा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों की सक्रियता से ही गांवों का विकास होगा और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचेगा। श्री साय ने कहा, उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत पंचायत प्रतिनिधि के रूप में की थी तथा पंच और सरपंच के दायित्व का निर्वहन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, पंचायत प्रतिनिधि के रूप में गांव के विकास को लेकर जो अनुभव प्राप्त होते हैं, वही आगे बढ़ने में सहायक होते हैं। आज हजारों जनप्रतिनिधि पंचायत से अपना सफर शुरू कर देश के उच्च सदनों तक पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, गांवों को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाने में पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिका है और जमीनी स्तर पर बेहतर कार्य करने से ही प्रभावी नीतियां बनती हैं।



### बिजली बिल बकाया समाधान योजना का उठाएं लाभ

मुख्यमंत्री श्री साय ने पंचायत प्रतिनिधियों से कहा, पंचायतों में संचालित सभी गतिविधियों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करें, ताकि गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ सभी विकास कार्य पूर्ण हो सकें। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन 2.0 के अंतर्गत हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके सफल क्रियान्वयन में पंचायतों की जिम्मेदारी बड़ी है और इसे समयबद्ध रूप से पूरा करने में पंचायत प्रतिनिधियों को अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने सुशासन तिहार के आयोजन का उल्लेख करते हुए कहा, इसके माध्यम से आमजनों की समस्याओं के समाधान के लिए शिविर लगाए जाएंगे। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से सुशासन तिहार के आयोजन और इसके माध्यम से अपने क्षेत्र की समस्याओं की पहचान कर उनके समाधान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया, मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना के तहत लंबित बिजली बिलों के भुगतान के लिए विशेष अवसर प्रदान किया जा रहा है, जिसमें सरचार्ज पूरी तरह माफ किया गया है और अतिरिक्त रियायत का भी प्रावधान है। श्री साय ने प्रतिनिधियों से इसका लाभ अधिक से अधिक ग्रामीणों को दिलाने की बात कही। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा, हमारी डबल इंजन की सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मंशा के अनुरूप अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है।

### दो को दी ई-रिक्शा की चाबी

इस दौरान उन्होंने प्रोजेक्ट अजा के तहत बकरी पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो दीदियों को ई-रिक्शा की चाबी सौंपी। साथ ही प्रोजेक्ट आरोग्यम के कटआउट और प्रोजेक्ट हैंडी के तहत शासन की योजनाओं की संक्षिप्त पुस्तक का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन द्वारा संचालित इन गतिविधियों से आमजनों को हो रहे व्यापक लाभ के लिए उनके प्रयासों की सराहना की। सम्मेलन को सांसद बृजमोहन अग्रवाल, राज्यसभा सांसद श्रीमती लक्ष्मी वर्मा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा, विधायक इंद्र कुमार साहू, तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष मोना सेन समेत त्रि-स्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## एक वाहन के भरोसे 12 गांव-दर्जनों कालोनियां विद्युत बंद की शिकायतों पर छूटा विभाग का पसीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के सेजबहार विद्युत वितरण केंद्र अंतर्गत 12 ग्राम शामिल हैं। इन ग्राम क्षेत्रों में अब दर्जनों कालोनियां भी बस चुकी हैं। इसके बाद भी क्षेत्र में विद्युत वितरण केंद्र में न ही स्टॉफ की बढ़ोतरी की जा रही है और न ही जरूरत के साधन बढ़ाए जा रहे हैं। इसके कारण इन ग्रामों एवं कालोनियों में बिजली की आपूर्ति बाधित होने की शिकायतों का त्वरित निदान भी नहीं किया जा रहा है। कई बार तो ग्रामों के कई इलाके एवं कालोनियों में शिकायत मिलने के बाद भी स्टॉफ पहुंच नहीं पाता, जिसके कारण इस भीषण गर्मी के दिनों में कई परिवारों को दोपहर में कई घंटों तक तो कभी रातभर बिना बिजली के रहना पड़ता है। इस क्षेत्र के निवासी एवं जिला पंचायत रायपुर के उपाध्यक्ष संदीप यदु ने जनहित से जुड़े इस मामले में विद्युत विभाग के अफसरों से क्षेत्र के विद्युत वितरण केंद्र में स्टॉफ एवं साधन बढ़ाने के साथ सेजबहार को जोन बनाने की मांग की है।



### 8 कर्मचारी कार्यरत, इनमें 4 लाइन स्टॉफ

क्षेत्र के लोगों से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के सेजबहार स्थित वितरण केंद्र में लगभग 7 से 8 स्टॉफ कार्यरत है। इनमें 4 लाइनमैन स्टॉफ है, जिसमें से 3 संविदा पर कार्यरत हैं। स्टॉफ की तुलना में वितरण केंद्र अंतर्गत 12 ग्राम हैं, लेकिन इन ग्रामों में तथा आसपास लगभग 20 से 25 कालोनियां बन चुकी हैं, जिसके कारण इस क्षेत्र की आबादी भी बहुत बढ़ गई है। बढ़ी आबादी के अनुसार विद्युत वितरण केंद्र में स्टॉफ के साथ साधन की बहुत कमी है, जिसका असर इस क्षेत्र में रहने वालों लोगों को परेशान होना पड़ता है। बिजली बंद की शिकायत करने के बाद भी कई घंटों के बाद विभाग की टीम उसे सुधारने के लिए पहुंच रही है। कई बार तो देर रात में बिजली बंद होने पर टीम ही नहीं पहुंचती है, जिसके कारण दूसरे दिन उस गांव या कालोनी में बिजली की आपूर्ति शुरू हो पाती है। संदीप यदु ने इस मामले को जिला पंचायत के सामान्य सभा में भी उठाते हुए मांग रखी की। इस समस्या का जल्द से जल्दा निराकरण किया जाए।

## न्यू एज मीडिया में दक्ष बनें जनसंपर्क अधिकारी : बंसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जनसंपर्क आयुक्त रजत बंसल ने शुक्रवार को नवा रायपुर स्थित संवाद कार्यालय में जनसंपर्क संचालनालय और जिला जनसंपर्क अधिकारियों की बैठक लेते हुए कहा कि वर्तमान दौर में जनसंपर्क अधिकारियों को न्यू एज मीडिया की सभी विधाओं में दक्ष होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ तकनीक और संचार के नए माध्यमों को अपनाना ही प्रभावी जनसंपर्क की कुंजी है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जनसंपर्क का कार्य अत्यंत जिम्मेदारीपूर्ण है, इसलिए इसे पूरी गंभीरता के साथ किया जाना चाहिए और किसी भी प्रकार की कोताही से बचना जरूरी है। जनसंपर्क अधिकारी शासन और जनता के बीच सेतु की भूमिका निभाते हैं, ऐसे में उनकी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि परिणाम के अनुरूप हर अधिकारी के कार्य का मूल्यांकन किया जाएगा। बैठक में विभागीय सचिवों, विभागाध्यक्षों और जिले के कलेक्टरों के साथ नियमित संपर्क और समन्वय बनाएं। इससे सूचनाओं का समयबद्ध और प्रभावी आदान-प्रदान सुनिश्चित होगा, जो शासन की योजनाओं के सही क्रियान्वयन और प्रचार के लिए अत्यंत आवश्यक है।

जनसंपर्क आयुक्त रजत बंसल ने ली बैठक



### मीडिया से रखें सतत संपर्क

बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया के साथ सतत संपर्क और समन्वय बनाए रखा जाए, ताकि योजनाओं की उपलब्धियों और प्रसार सुनिश्चित किया जा सके। जनसंपर्क आयुक्त ने कहा कि सभी अधिकारी सक्रिय और जिम्मेदार तरीके से कार्य करें ताकि शासन की योजनाएं आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंच सकें। वहीं उन्होंने प्रचार-प्रसार कार्य में लापरवाही बरतने पर तीन जिला जन संपर्क अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं। बैठक में अपर संचालक उमेश मिश्रा, संजीव तिवारी, आलोक देव और हर्षा पौराणिक सहित संचालनालय और जिलों के जिला जनसंपर्क अधिकारी मौजूद थे।

## बैज बोले- प्रदेश में अपराधी बेखौफ और बेलगाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, जांजगीर-चांपा के जैजेपुर में एक व्यवसायी के घर में घुस कर गोली मारे जाने की घटना बेहद ही चिंता का विषय है। यह घटना राज्य की बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था का एक और उदाहरण है।



जांजगीर-चांपा में व्यवसायी के घर में अपराधियों ने उनके बड़े बेटे की गोली मार कर हत्या कर दी, छोटा बेटा घायल है। अब आदमी अपने घर में भी सुरक्षित नहीं है। अपराधी इतने बेखौफ और बेलगाम हो चुके हैं कि उनमें कानून का जरा भी भय नहीं बचा है।

श्री बैज ने कहा, जांजगीर की घटना के पहले प्रदेश में गैंगवार की अनेकों घटनाएं पिछले ढाई साल में हुई हैं। राजधानी में पांच बार गोलियां चलाई गईं, रायपुर सेंट्रल जेल के सामने गोलियां चलाई गईं, झारखंड के गैंगस्टर रायपुर में गोलीबारी कर चुके हैं, बिलासपुर के मस्तूरी में व्यवसायी के ऊपर गोलियां चलाई गई। अब तो घर में घुस कर गोली मारी जा रही है। श्री बैज ने कहा, साय सरकार में छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन गया है। लूट, हत्या, चोरी, डकैती, बलात्कार की घटनाओं के आंकड़े बताते हैं कि राज्य की कानून व्यवस्था बदतर हो चुकी है। हर घटना के बाद सरकार और पुलिस का एक रटा रटाया बयान आता है कि दोषी बख्शे नहीं जाएंगे।

### भाजपा बोली- कांग्रेस शासन में अपराधियों का ठिकाना बन गया था मुख्यमंत्री निवास

*भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजय शंकर मिश्रा ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के बयानों को कोरी सियासत करार देते हुए उन पर कड़ा पलटवार किया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस के शासनकाल में छत्तीसगढ़ में अपराध की स्थिति इतनी भयावह थी कि आम नागरिक घर से बाहर निकलने पर अपनी सुरक्षा को लेकर हर पल सशंकित रहता था। कांग्रेस शासन में मुख्यमंत्री निवास ही अपराधियों का ठिकाना बन गया था। डॉ मिश्रा ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, कांग्रेस सरकार के दौरान मुख्यमंत्री निवास से शराब से लेकर सट्टा तक का अवैध कारोबार संचालित होता था। उस समय तत्कालीन मुख्यमंत्री का आवास एक तरह से अपराधियों का नया ठिकाना बन गया था, यह बात किसी से छिपी नहीं है। उन्होंने पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज पर निशाना साधते हुए कहा, कांग्रेस शासन में जब प्रदेश में अपराध चरम पर था, तब बैज मौन क्यों थे? आज अपनी खिसकती राजनीतिक जमीन को बचाने के लिए वे अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं।*



*उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में सुख, शांति और समृद्धि का वातावरण है। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि अप्रिय घटनाएं न हों और कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे। उन्होंने कहा, भाजपा सरकारों के दौरान हमेशा अपराध पर अंकुश लगा है। वर्तमान में 'कांग्रेस समर्थित नक्सलवाद' के खात्मे के लिए जो ऐतिहासिक कार्य हो रहे हैं, उसकी देशभर में प्रशंसा हो रही है। कांग्रेस के बड़े नेता हताशा में कुछ भी कहने को विवश हैं, लेकिन उनकी इन बातों का जनमानस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला है। बैज की चिंताएँ पूरी तरह व्यर्थ और राजनीति से प्रेरित हैं।*

## 25 साल में आयोजित हुए 75 सत्र, कई छोटी विधानसभाओं से ज्यादा चर्चा

# छत्तीसगढ़ विधानसभा में 25 साल में 15 सौ घंटे से ज्यादा बजट चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा ने हाल ही में अपना रजत जयंती वर्ष मनाया है। इन 25 वर्षों के सफर में विधानसभा ने अपनी अलग पहचान बनाई है। गर्भगृह में जाने पर सदस्यों के स्वयं निलंबन के नियम के कारण देशभर में छत्तीसगढ़ विधानसभा की चर्चा तो है ही, अब बजट चर्चा के मामले में भी छत्तीसगढ़ विधानसभा कई छोटी विधानसभाओं से आगे है। छत्तीसगढ़ विधानसभा में 25 बरसों में आम बजट और पूरक बजट पर 1527 घंटे से ज्यादा चर्चा हुई है, यह 63 दिन के बराबर है।

राज्य स्थापना के बाद पहले सत्र से लेकर दिसम्बर में आयोजित पिछले सत्र तक यानी 25 बरसों में छत्तीसगढ़ विधानसभा के 75 सत्र आयोजित हो चुके हैं। इन सत्रों के दौरान सरकार द्वारा पेश आम एवं पूरक बजटों पर विस्तार से चर्चा हुई है। ज्यादातर छोटी विधानसभाओं में कम चर्चा के बाद ही बजट पारित कर दिए जाते हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ विधानसभा में विभागवार मांगों के बाद ही बजट पारित किए गए हैं। हर सत्र में पेश होने वाले पूरक बजट पर भी 3-4 घंटे से कम चर्चा कभी नहीं हुई।



### किस विधानसभा में बजट पर कितनी चर्चा

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम विधानसभा - | 8 सत्र - | 126.63 घंटे |
| द्वितीय विधानसभा- | 14 सत्र - | 340.57 घंटे |
| तृतीय विधानसभा- | 13 सत्र - | 351.34 घंटे |
| चतुर्थ विधानसभा- | 17 सत्र - | 364.04 घंटे |
| पंचम विधानसभा- | 17 सत्र- | 202.80 घंटे |
| षष्ठम विधानसभा- | 6 सत्र - | 141.67 घंटे |

### डॉ. रमन के सीएम-वित्त मंत्री रहने के दौरान ज्यादा चर्चा

राज्य में द्वितीय से लेकर चतुर्थ विधानसभा के दौरान बजट पर ज्यादा चर्चा हुई है। द्वितीय से लेकर चतुर्थ विधानसभा के दौरान डॉ. रमन सिंह मुख्यमंत्री के साथ-साथ वित्त मंत्री भी रहे। इन्हीं तीनों विधानसभाओं में ही बजट पर ज्यादा चर्चा हुई। तीनों कार्यकाल में सदन में एक हजार घंटे से ज्यादा चर्चा हुई। प्रथम विधानसभा के 3 साल में बजट पर सबसे कम सिर्फ 126 घंटे ही चर्चा हो पाई थी।

### सिर्फ एक बार गिलोटिन से बजट पारित

छत्तीसगढ़ विधानसभा के इतिहास में सिर्फ एक बार ही गिलोटिन से बजट पास करने की नौबत आई थी। पंचम विधानसभा में मार्च 2020 के बजट सत्र में कोरोना संक्रमण के कारण उत्पन्न परिस्थितियों के कारण बिना चर्चा के ही बजट पारित किया गया था। वैसे पंचम विधानसभा के पांच वर्षों में ही सबसे कम सिर्फ 202.80 घंट ही चर्चा ही हुई थी।

### 25 बरसों में 4 हजार घंटे कुल चर्चा

प्रथम से लेकर षष्ठम विधानसभा तक 25 बरसों में बैठकों में कुल करीब 4 हजार घंटे की चर्चा हुई। यह भी छोटी विधानसभा की तुलना में काफी ज्यादा है। इसमें भी सबसे ज्यादा 933 घंटे की चर्चा द्वितीय विधानसभा में हुई थी, जबकि तृतीय और चतुर्थ विधानसभाओं में बैठकों पर क्रमशः 836 और 845 घंटे चर्चा कार्यसूची के सभी विषयों पर हुई। प्रथम विधानसभा के 3 वर्षों में करीब 538 घंटे चर्चा हुई थी।

## डिजिटल बैरियर की मांग पर अड़े प्राध्यापक, वजह-असुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि में आयोजित शिक्षक संघ की बैठक में अध्ययनशाला में कार्यरत प्राध्यापकों ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े सवाल उठाए हैं। विवि परिसर में बाहरी तत्वों के बढ़ते प्रवेश और नियमित अंतराल में निर्मित हो रही विवाद की स्थिति को देखते हुए डिजिटल बैरियर की मांग की जा रही है। इसके अंतर्गत प्राध्यापकों के गाड़ी के नंबर सिस्टम में अपलोड किए जाएंगे। डिजिटल बैरियर रजिस्टर्ड नंबर वाले वाहनों को प्रवेश की अनुमति प्रदान करेगा,



जबकि अन्य वाहनों को रोके जाने के बाद पूछताछ और आईडी दिखाए जाने पश्चात ही प्रवेश दिया जाएगा। शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो.जितेंद्र प्रेमी ने कहा कि एनआईटी सहित कई राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों में इस तरह की व्यवस्था है। इस तर्ज पर रविवि में भी यह व्यवस्था की जानी चाहिए। बैठक में विभिन्न विभागों के अध्यक्ष सहित प्राध्यापक व सहायक प्राध्यापक शामिल हुए।

### कैंपस में गाड़ी चलाना सीखते हैं लोग

शिक्षक संघ का कहना है कि रविवि कैंपस में सुबह और देर शाम-रात के दौरान बाहरी व्यक्ति गाड़ी चलाना भी सीखते हैं। रहवासी कॉलोनी में प्राध्यापक अपने परिवार के साथ रहते हैं। ऐसे में उनके साथ दुर्घटना का भय हर वक्त बना रहता है। इस संदर्भ में दिशा-निर्देश कई बार जारी किए जा चुके हैं, लेकिन कभी भी कड़ाई से इनका पालन नहीं हुआ है।

## खबर संक्षेप



### सुरक्षा के लिए अब रवि भवन में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

**रायपुर।** रवि भवन में गोल बाजार थाना प्रभारी स्वराज त्रिपाठी की टीम के साथ उपस्थिति में संवाद से समाधान अंतर्गत व्यापारियों की एक आवश्यक बैठक की गई। बैठक में बड़ी संख्या में व्यापारियों ने भाग लिया। बैठक में भवन की सुरक्षा के लिए परिसर में चारों ओर सीसीटीवी कैमरे लगाने एवं अग्नि सुरक्षा के लिए आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। सीसीटीवी लगने से वाहनों की चोरी जैसी घटनाओं पर अंकुश लगेगा तथा संदिग्ध गतिविधियों पर समय रहते कार्रवाई संभव हो सकेगी। व्यापारियों द्वारा सेकंड हैंड मोबाइल की खरीदी-बिक्री से संबंधित समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया गया। व्यापारी संघ अध्यक्ष जय नानवानी ने सभी सुझावों को गंभीरता से लेते हुए आश्वस्त किया कि उन्हें यथासंभव लागू किया जाएगा। साथ ही, भवन के समग्र विकास एवं सुरक्षा के लिए भविष्य में भी नियमित बैठकें आयोजित कर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

### एक बार फिर 44 डिग्री तक पहुंच सकता है टेंप्रेचर

**रायपुर।** दोपहर होने के बाद जलन जैसी स्थिति पैदा करने वाली धूप के साथ शहर में एक बार फिर 44 डिग्री की गर्मी पड़ने की संभावना है। दो दिन बाद दक्षिण से आने वाली हवा राहत लेकर आएगी। पिछले साल अप्रैल में बने 42.2 डिग्री का रिकार्ड इस बार टूटने की संभावना कम है। बंगाल की खाड़ी वाली नमी युक्त हवा का असर दो से तीन दिन रहने के आसार हैं। अप्रैल में इन दिनों प्रदेश का मध्य हिस्सा खूब तप रहा है। खासकर रायपुर और दुर्ग संभाग में आग उगलने वाली गर्मी अपना असर दिखा रही है। पिछले चौबीस घंटे में रायपुर में एक डिग्री सेल्सियस तक तापमान बढ़ा है। शुक्रवार को दिन चढ़ते ही शुरू हुई गर्मी दोपहर बाद जलन पैदा करने वाली स्थिति में पहुंच गई। इससे ग्रीष्म लहर के लौटने का अहसास हुआ। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अगले दो दिन में गर्मी अपना व्यापक असर दिखाएगी और एक बार फिर शहर के लोगों को 44 डिग्री का टार्चर सहना पड़ सकता है।

## पेज 11 के शेष

### अनिश्चितकालीन ...

एकमात्र विकल्प बचा है। संघ के अनुसार हड़ताल के चलते तेंदूपत्ता संग्रहण, 67 प्रकार के लघु वनोपज की खरीदी, बोनस, बीमा एवं अन्य योजनाएं प्रभावित होगी, जिससे प्रदेश के लाखों ग्रामीण परिवारों की आजीविका पर असर पड़ सकता है।

### पीएसीएल चिटफंड कंपनी...

भादवि की धारा 420, 34, छत्तीसगढ़ के निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम की धारा 10 और द प्राइस चिट्स एंड मनी सर्कुलेशन एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

# सोलर पैनल अपनाकर देवश्री साहू बनीं आत्मनिर्भर, बिजली बिल से मिली पूर्ण मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से न केवल बिजली बिल से राहत मिल रही है बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी भागीदारी का अवसर दे रहा है। सोलर पैनल अपनाकर लोग आत्मनिर्भर बन रहे हैं। शिक्षिका देवश्री साहू ने भी योजना के तहत अपने मकान के छत पर सोलर पैनल लगवाया जिससे अब मुफ्त बिजली का लाभ मिल रहा है। सोलर पैनल लगने के बाद देवश्री के घर की बिजली व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव आया है। उन्होंने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि पहले जिस बिजली बिल के भुगतान की चिंता बनी रहती थी, वह अब लगभग शून्य हो गया है। साथ ही इसे लगाने पर केंद्र और राज्य सरकार से सब्सिडी भी मिली है। एक शिक्षिका होने के नाते वे समाज में जागरूकता के महत्व को समझती हैं और अब वे अपने आस-पड़ोस के लोगों को भी सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं।आज क्षेत्र की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं। देवश्री ने अपनी इस आर्थिक बचत और सहूलियत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हृदय से आभार व्यक्त किया है। उनका मानना है कि यह योजना न केवल पर्यावरण संरक्षण में मददगार है, बल्कि आम नागरिकों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने और उन्हें बिजली के खर्चों से मुक्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### अब दूसरों को भी कर रहीं जागरूक, महिलाओं के लिए बनीं प्रेरणा



#### परिवार से मिली प्रेरणा

ग्राम खैरघटा निवासी और पेशे से शिक्षिका देवश्री साहू ने बताया कि सोलर पैनल लगाने की प्रेरणा उन्हें अपने भाई के घर से मिली, जहां उन्होंने पहली बार इस तकनीक को देखा और इसके फायदों के बारे में विस्तार से समझा। शासन की इस लोक-कल्याणकारी योजना से प्रभावित होकर उन्होंने जून 2025 में अपने घर की छत पर 3 किलोवाट का सोलर पैनल स्थापित करवाया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' का क्रियान्वयन जिस तेजी से हो रहा है, उसका सीधा लाभ देवश्री जैसे मध्यमवर्गीय परिवारों को मिल रहा है।

**कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने ली प्रेस वार्ता**

# जनगणना में नागरिकों की जानकारी पूरी तरह गोपनीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में शुक्रवार संध्या को आयोजित प्रेस वार्ता में आगामी भारत की जनगणना 2027 को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि जनगणना में नागरिकों द्वारा दी गई जानकारी पूरी तरह गोपनीय और सुरक्षित रहेगी तथा इसका उपयोग केवल विकास योजनाओं के निर्माण के लिए किया जाएगा। यह जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि भविष्य की योजना का आधार स्तंभ है। इस बार प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल होगी, जिससे डेटा संग्रह अधिक सटीक और पारदर्शी बनेगा।




#### स्वगणना का ऑनलाइन फॉर्म 30 अप्रैल तक स्वयं भर सकते हैं नागरिक

डिजिटल प्रक्रिया के तहत नागरिक स्वगणना का ऑनलाइन फॉर्म 30 अप्रैल तक वेबसाईट (एसई डॉट सेंसस डॉट जीओव्ही डॉट इन) पर स्वयं भर सकते हैं, जिसके बाद उन्हें एक विशेष आईडी प्राप्त होगी। गणना कर्मी (प्रगणक) के घर पहुंचने पर यह आईडी दिखाने से पूरी प्रक्रिया कुछ ही मिनटों में पूरी हो जाएगी। पलायन किये या मई में घर पर नहीं रहने वालों को इसका उपयोग किया जाना चाहिए ताकि वे जनगणना से वंचित नहीं हो। इस बार प्रगणक स्मार्टफोन व विशेष मोबाइल ऐप के जरिए डेटा संग्रह करेंगे, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों का डेटा भी रियल टाइम में सुरक्षित सर्वर पर अपलोड होगा और त्रुटि की संभावना कम होगी। प्रेस वार्ता में उप निर्वाचन अधिकारी उमेश साहू, यशवंत सिंह ठाकुर, भरत अग्रवाल, दीपक थवाईत सहित अन्य पत्रकार उपस्थित थे।

जनगणना अधिनियम 1948 के तहत नागरिकों की जानकारी किसी भी पुलिस जांच, आयकर या अन्य कार्यवाही में उपयोग नहीं की जा सकती।

डॉ कन्नौजे ने कहा कि जनगणना को दो चरणों में संपन्न किया जाएगा। पहला चरण मकान सूचीकरण का होगा, जो 1 मई से 30 मई तक चलेगा। इसके तहत लगभग 33 प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनमें घर की स्थिति, पेयजल, बिजली, शौचालय और अन्य सुविधाओं की जानकारी शामिल होगी। मुख्य जनगणना फरवरी 2027 से शुरू होकर मार्च 2027 तक पूरी की जाएगी, जिसमें करीब 33 प्रश्नों के माध्यम से नागरिकों की सामाजिक आर्थिक स्थिति का आंकलन किया जाएगा।

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय का परीक्षा फल 59.44 प्रतिशत



**अर्जुनी।** स्थानीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अर्जुनी में 25 अप्रैल को 9वीं एवं 11वीं का परीक्षा फल घोषित किया गया। परीक्षा फल 59.44 प्रतिशत रहा। इस मौके पर शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य तथा शिक्षक शिक्षकाओ और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में परीक्षा फल घोषित किया, अच्छे अंको से उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं को गोल्ड सिल्वर कांस्य मेडल एवं परीक्षा फल प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। चित्ररेखा साहू शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं से कहा कि वर्ष भर की तैयारी के बाद नवमी एवं ग्यारहवीं के परीक्षा परिणाम घोषित हुए हैं, इसी तरह समय को खाली न रखते हुए आगे दसवीं एवं 12वीं की पढ़ाई की तैयारी करना है। अच्छे परिणाम के लिए छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। एवं आगे पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया गया।

प्रवीण्य सूची में नवमी ए से प्रथम गायत्री साहू 95.67 प्रतिशत, द्वितीय अवंतिका निर्मलकर 90.67, नवमी बी से प्रथम ललिता ध्रुव 88.16, द्वितीय लोकेश्वरी यदु 83.83, नवमी सी से प्रथम रोशनी दास 76.83, द्वितीय प्राची मिश्रा 74.5, इसी तरह 11वीं ए से प्रथम त्रियांशु 74.80, द्वितीय काजल जांगड़े 70.40, 11वीं बी से प्रथम पिंकी वर्मा 90, द्वितीय तनु डहरिया 85.4, 11वीं सी से प्रथम नेहा वर्मा 88.4, द्वितीय गोविंद राम साहू 84.2, 11वीं डी से प्रथम खुशी निषाद 81, द्वितीय गुलशन ध्रुव 78.4, 11वीं ई से प्रथम रौनक साहू 86.4, द्वितीय हर्ष लहरी 82.8, 11वीं एफ से प्रथम जयंत दीवार 84.2, द्वितीय गुंजन वर्मा 82 प्रतिशत रहे।

# शिवसेना मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौपेंगा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

छत्तीसगढ़ शिवसेना बलौदाबाजार के जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव के नेतृत्व में गौ रक्षा के लिए चलाया जा रहा महा हस्ताक्षर अभियान जिले में तेजी से आगे बढ़ रहा है। श्री यादव ने बताया कि गौमाता को राज्य माता का दर्जा दिलाने, गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, गौ तस्करी में उपयोग की जाने वाली वाहनों को राजसात करने तथा गौ हत्या करने पर हत्या का मामला दर्ज करने जैसी मांगों को लेकर यह अभियान संचालित किया जा रहा है।



अभियान की शुरुआत 3 जुलाई को शिवसेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार द्वारा रायपुर स्थित कार्यालय से की गई थी। प्रथम चरण में इसे दुर्ग संभाग में प्रारंभ किया गया, जिसके बाद पूरे प्रदेश में यह अभियान विस्तार पा रहा है। शिवसैनिक घर-घर जाकर तथा प्रमुख चौराहों पर स्टॉल लगाकर लोगों को इस अभियान से जोड़ रहे हैं। अभियान के प्रभाव स्वरूप राज्य सरकार द्वारा गौ सुरक्षा के विषय में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई तथा गौधाम की घोषणा भी की गई।

वर्तमान में प्रदेशभर में गौ सुरक्षा को लेकर प्रशासनिक स्तर पर लगातार बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में दिनांक 27 अप्रैल को शिवसेना के पदाधिकारी मुख्यमंत्री के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौंपेंगे। ज्ञापन के साथ आम जनता के समर्थन के प्रमाण स्वरूप हस्ताक्षर युक्त प्रतियां भी प्रस्तुत की जाएंगी।

#### गौमाता को राज्य माता घोषित करने शिवसेना का महा हस्ताक्षर अभियान जारी

उन्होंने बताया कि गांव-गांव स्थित गौठानों को गौशाला का स्वरूप देने, घुमंतू गौवंश की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा कलेक्टर दर पर दो गौ सेवकों की नियुक्ति की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई जा रही है। इस अभियान में शिवसेना के अनेक शिवसैनिक सक्रिय रूप से घर-घर जाकर जनसमर्थन के रूप में हस्ताक्षर कराने में जुटे हुए हैं। कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि इस महा हस्ताक्षर अभियान को आम जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है और अब तक हजारों लोग अपने हस्ताक्षर के माध्यम से समर्थन दे चुके हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि गौ तस्करी में जब्त किए गए वाहनों को तत्काल राजसात किया जाए।

# मंत्री टंकराम के स्वेच्छानुदान से 24 हितग्राहियों को मिली सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने किया वितरण और जताया आभार

नगर पालिका क्षेत्र के जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों को राहत प्रदान करने हेतु मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा स्वेच्छा अनुदान मद से 24 हितग्राहियों को कुल 2 लाख 5 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस राशि का वितरण नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा पार्षदों की अनुशंसा पर की गई।

नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने इस अवसर पर मंत्री टंकराम वर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की सहायता से नगर के जरूरतमंद परिवारों को इलाज एवं अन्य आवश्यक कार्यों में बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि विभिन्न वार्डों से प्राप्त मांग के आधार पर पात्र हितग्राहियों का चयन कर सहायता राशि वितरित की गई है।



स्वेच्छा अनुदान के तहत वार्ड क्रमांक 1 की टिकेश्वरी वर्मा को 5,000 रुपए, वार्ड 11 के खिकबाई/कलाराम बंजारे को 10,000 रुपए, द्रोपती निर्मलकर को 10,000 रुपए, नंदलाल चिमनानी को कैंसर उपचार हेतु 15,000 रुपए, निशा को 10,000 रुपए, चंद्रमणि साहू को 10,000 रुपए, सुदर्शन वर्मा वार्ड 21 को 5,000 रुपए, संतोष कुमार पाटले को 5,000 रुपए, सीमा बंजारे वार्ड 4 को 5,000 रुपए, पिंकी यादव वार्ड 4 को 10,000 रुपए, कृति सिन्हा को 5,000 रुपए, काजल कोरी वार्ड 3 को 5,000 रुपए, कालीबाई जोशी वार्ड 3 को 5,000 रुपए, सागर कुमार को 10,000 रुपए, शंकरलाल टंडन पुरानी बस्ती को 10,000 रुपए, जयवंतीन बाई साहू वार्ड 20 को 5,000 रुपए, गंगाबाई यादव को 5,000 रुपए, ललित ध्रुव पुरानी बस्ती को 10,000 रुपए, बलाराम टंडन को 10,000 रुपए, श्याम भाई जायसवाल वार्ड 9 को 10,000 रुपए, कमलेश ढीमर वार्ड 9 को 10,000 रुपए, केजा बाई यादव को 5,000 रुपए तथा पुरुषोत्तम ध्रुव को 10,000 रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर सभापति कन्हैया सेन, सुरेश घृतलहरे, गौतम चौहान, पार्षद प्रतिनिधि शशि भूषण शुक्ला, सुभाष राव, मनीष वर्मा, रवि फेकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं हितग्राही उपस्थित थे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से पैदल जा रहे बुजुर्ग की मौत

**महासमुंद।** ग्राम बोड़ेसरा के छोटे नाला के पास अज्ञात बाइक की टक्कर से पैदल जा रहे बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि 23 अप्रैल की करीबन 07 बजे हुकुम पटेल पिता रामसाय पटेल (62 वर्ष) निवासी बोड़ेसरा अपनी बाड़ी से घर की ओर पैदल जा रहा था। जब वह छोटे नाला के पास पहुंचा था, तभी सारंगढ़ की ओर जा रहे अज्ञात मोटर सायकल के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर हुकुम पटेल को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया।

# जिला किसान कांग्रेस का विस्तार, सैकड़ों पदाधिकारियों को मिली नई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

अखिल भारतीय किसान कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में अपने संगठनात्मक ढांचे को विस्तार देते हुए बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के लिए नई नियुक्तियों की घोषणा की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा और राष्ट्रीय प्रभारी अखिलेश शुक्ला की सहमति के बाद, जिला अध्यक्ष सरजू प्रसाद घृतलहरे ने तत्काल प्रभाव से पदाधिकारियों की सूची जारी कर दी है।

इन नियुक्तियों को कांग्रेस के दिग्गज नेताओं का समर्थन प्राप्त है, जिनमें प्रभारी महासचिव सचिन पायलट, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, राष्ट्रीय महासचिव मलकीत सिंह गेंदु, और किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा शामिल हैं।

#### ये हुए शामिल

कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष ओमप्रकाश घृतलहरे, युधिष्ठिर नायक देवरुम, चूणामणि गायकवाड़ तेलासी, दिनेश कुमार साहू रोहांसी, देवनारायण वर्मा कसडोल, सनत वर्मा कौड़ियां, रविशंकर ध्रुव थुर्राबाथा, सहदेव प्रसाद साहू मोपर, सोनू वैष्णव तरेंगा, कृष्ण कुमार सागरबंसी गीधपुरी, लता सोनवानी कसडोल, हिमानी घृतलहरे पहादा, रमेश वैष्णव कसडोल, त्रिलोचन चतुर्वेदी पडकीडीह, मालिक राम वर्मा चांडी, बुद्धि लाल गायकवाड बगबुडा, श्याम लाल पटेल कोनारी, प्रवीण थुरंधर जारा, सुखी राम भारद्वाज मड़वा, जितेंद्र दास वैष्णव माड़वा, सुखी राम वर्मा गिधौरी, जवाहर प्रधान अमलीडीह गिलौरी, शितल वैष्णव खपराडीह, पुलसत घृतलहरे टूणडरा, थानेश्वर कनौजे लटुवा, गुलाब यदु सीतापार, गजेंद्र घृतलहरे पहदा शामिल हैं। जारी सूची के अनुसार शिवराम सेन छेरकापुर, डोमार सेन भाटापारा, सचिव संपत ठाकुर बार, लेख राम जयसवाल कसडोल, श्रवण ध्रुव करही, अनिल यादव वीरनारायणपुर, राम सिंह ठाकुर नवागांव, कृष्ण चंद्र पटेल मानदीप, अनिरुद्ध दीवान आमगांव, नंद कुमार पटेल बाघमारा, सुरेश घृतलहरे पहदा, श्रवण कुमार ध्रुव करही, कौशल साहू कटगी, सुरजीत भारद्वाज मड़वा, महेश्वर खूंटे मड़वा, अमरनाथ पुरैना मड़वा, माधो साहू टुणडरा, संतोष कुमार साहू टुणडरा, जनता पाल लटुवा, विश्राम वर्मा लटुवा, आनंद ध्रुव लटुवा, शैलेंद्र घृतलहरे पहदा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार विक्रम यादव पडकीडीह, पवन महिलाके, पडकीडीह, मिथिलेश जायसवाल चरोदा, विजय साहू लक्ष्मणपुर,बिसैहा गायकवाड कोसमदा, कलीराम निषाद मोहान, नारायण साहू लवन, अजय गायकवाड तेलासी, सेवाराम भथपहरी देवगांव, प्रवक्ता जवाहर पटेल गिरौदपुरी, दिनेश ठाकुर मोहदा, टिकल सिंह जायका सुखरी, रवि शंकर बंजारे टुण्ड्रा, शशिकांत वर्मा देवसुंदरा, रामसागर शुक्ला बलौदी, कोषाध्यक्ष अजय ताम्रकार, संरक्षक राकेश वैष्णव रिसदा, मोतीलाल वर्मा बलौदाबाजार, फूलचंद घृतलहरे लूटूडीह, नंदेश्वर साहू रोहासी, रुद्रदेव कश्यप सैहा चापा, मीडिया प्रभारी मुकेश झा खपरी, विजय साहू कसडोल, हरा बार्वे लवन, लीलाधर यादव चूचूरुवापुर, यमलोक साहू पलारी, हरिओम विश्वकर्मा चूचूरुवापुर, महामंत्री गणपत पटेल, कैहा जुनवानी, नरेश साहू सकरी, कुंदन लाल साव सोनार देवरी, चूड़ामणि गायकवाड तेलासी, वेद प्रकाश वर्मा छिराही, जगाउ राम पटेल कसडोल, मेघनाथ यादव अछोली, जगमोहन निषाद कुम्हार रा वान, चेतन पुरैना गिधपुरी, हरिश्चंद्र वर्मा उजीयरपुर, त्रिलोचन चतुर्वेदी पडकीडीह, साहस राम यदु करही, मेवा आडील तेरासी, पारस नाथ साहू, सरसेनी, रमाशंकर पटेल कसडोल, हेमंत वर्मा गिर्रा, घनश्याम साहू कोनारी, भागवत मुरैना मड़वा, मनोहरण पुरैना मड़वा शामिल हैं।

# सरकारी हेल्थ सेंटरों में सही लोकेशन का लोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- शासकीय अस्पतालों में 191 जनौषधि केंद्र, पचास फीसदी के हालात बंद जैसे

शासन स्तर पर सहयोग के बाद भी सस्ती दवा यानी प्रधानमंत्री जनौषधि केंद्रों की स्थिति संतोषजनक नहीं है। राज्य के सरकारी अस्पतालों में 191 सेंटर संचालित हैं, मगर पचास फीसदी की स्थिति बंद जैसी है। स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले मरीज जरूरी इलाज की आवश्यक दवा के लिए बाहर का रास्ता पकड़ते हैं, इसकी प्रमुख वजह हेल्थ सेंटरों में दवा दुकान की सही लोकेशन नहीं मिलना है।

जिन सरकारी अस्पतालों में जनौषधि सेंटर सही लोकेशन पर हैं, वहां पर्याप्त रिस्पांस मिल रहा और प्रतिदिन दवाओं की अच्छी सेलिंग हो रही है, मगर जिन दवाओं को स्वास्थ्य केंद्रों में सही जगह नहीं मिली है, वहां खरीदारों का टोटा है। राज्य में करीब पांच सौ जन औषधि केंद्र खोलने की योजना है, जिसमें से अभी साढ़े तीन सौ केंद्र संचालित हो रहे हैं। इनमें 191 सस्ती दवा की दुकानें सरकारी अस्पतालों में मौजूद हैं। सूत्रों का कहना है कि इनमें से पचास फीसदी दुकानों की हालत बंद जैसी है, क्योंकि यहां दवाओं की बिक्री सामान्य से बेहद कम है। रायपुर जिले में दो दर्जन स्वास्थ्य केंद्रों में जन औषधि केंद्र खोलने की योजना है, इसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है, मगर पर्याप्त संख्या में रिस्पांस नहीं मिल पा रहा है।

जिले में एम्स, आंबेडकर अस्पताल, जिला अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में 17 दवा दुकानें संचालित हैं। शेष हेल्थ सेंटरों में दवा दुकान संचालन के लिए आवेदन मंगाए जा रहे हैं, मगर इस पर विभागीय सफलता नहीं मिल रही है। राज्य शासन द्वारा प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों के संचालन के लिए बजट में प्रावधान किया गया है और राज्य के प्राथमिक स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों में भी इसे खोलने का लक्ष्य रखा गया है।



#### कम मुनाफा भी बड़ा कारण

सूत्रों के मुताबिक प्राइवेट सेक्टर में भी जन औषधि केंद्र खोलने की योजना है, मगर कम मुनाफा की वजह से इस पर ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाई जाती। ब्रांडेड दवा कंपनियां अपने प्रोडक्ट के प्रचार-प्रसार पर कई तरह की लुभावने स्कीम देती हैं। तगड़ा मुनाफा के साथ किए जाने वाले बड़े-बड़े विज्ञापन की वजह से अन्य दवा दुकानों की संख्या काफी बढ़ती जा रही है। दूसरी ओर जन औषधि केंद्र पर्याप्त तवज्जो नहीं मिलने के कारण बंद होने जैसी स्थिति में आ रहे हैं।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### किसान कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष बने दिनेश

सिमगा। अडबंधा निवासी दिनेश साहू को जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष सरजू प्रसाद धृतलहरे द्वारा सिमगा ब्लॉक किसान कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं किसानों में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने दिनेश साहू को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे किसानों की समस्याओं को सदैव प्रमुखता से उठाते रहे हैं और आगे भी पूरी मजबूती के साथ किसानों की आवाज बनकर कार्य करेंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में सिमगा ब्लॉक किसान कांग्रेस और अधिक सक्रिय एवं सशक्त होगी। श्री साहू की नियुक्ति पर विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया, पूर्व पार्षद दशरथ चंद्राकर, किसान नेता अयूब मेमन, मंडल अध्यक्ष हीरालाल साहू, श्याम लाल देवांगन, लोकनाथ साहू, पार्षद परदेशी सोनकर, याकूब कुरैशी, गोलू पाटकर, अजीत भट्ट सहित अनेक कांग्रेसजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दीं।

### दिव्यता संपन्न समर शिविर 3 मई से



खरोरा। गर्मी की छुट्टियों को रचनात्मक और ज्ञानवर्धक बनाने के उद्देश्य से शहर में 'दिव्यता सम्पन्न समर कैंप' का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 3 मई से 10 मई तक प्रतिदिन सुबह 8 से 11 बजे तक आयोजित होगा। स्थान प्रभु उपहार भवन प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नया पुलिस थाना के सामने खरोरा। आयोजकों के अनुसार कैंप का उद्देश्य बच्चों के आध्यात्मिक, बौद्धिक और शारीरिक विकास को बढ़ावा देना है। इसमें स्मरण शक्ति बढ़ाने के अभ्यास, वैल्यू गेम्स, योग एवं स्वास्थ्य, आध्यात्मिक ज्ञान, आर्ट एवं क्राफ्ट, प्रतियोगिताएं, नृत्य एवं संस्कृति जैसी विभिन्न गतिविधियाँ शामिल होंगी। प्रतिभागियों को आकर्षक उपहार भी दिए जाएंगे। यह शिविर कक्षा 5वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क (फ्री एंट्री) रखा गया है। कार्यक्रम का आयोजन 'प्रभु उपहार भवन' में किया जाएगा।

# अमृतभारत योजना से अपग्रेड हो रहा भाटापारा का रेल्वे स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

रायपुर मण्डल मे आने वाले भाटापारा रेल्वे स्टेशन आय की दृष्टि से चौथे स्थान पर आता है, जो रायपुर, दुर्ग, भिलाई के बाद भाटापारा स्टेशन रेल्वे को सर्वाधिक आय देता है। यहां के स्टेशन में रेल्वे स्टेशन से चार लाख पच्चीस हजार की टिकट बिकती है। वहीं UTS से 2 लाख पचहत्तर हजार, आरक्षण से डेढ़ लाख रूपये की सेल प्रतिदिन की है। इसके अलावा रायपुर एवं बिलासपुर की तरफ विभिन्न स्टेशनों के लिए 1300 से अधिक मासिक सीजन टिकिट बनाये जाते हैं। वही यहां के रेल्वे स्टेशन से 13 हजार से अधिक यात्री दोनों ओर प्रतिदिन आवाजाही करते हैं। यहां के रेल्वे स्टेशन में मेल एक्सप्रेस, पैसेंजर, लोकल गाडियों समेत 94 यात्री ट्रेनों का स्टापेज है, जिससे लोग अपनी यात्रा करते हैं। भाटापारा का रेल्वे स्टेशन सेंटर में होने के कारण बलौदाबाजार, बेमेतरा, नवांगढ़ सहित आसपास क्षेत्र के लोगों का यह प्रमुख स्टेशन होने के कारण अपनी यात्रा यहीं से शुरू करते हैं।

ज्ञात हो कि दो दिनों पूर्व रेल्वे की कंस्ट्रक्शन टीम ने रेल्वे स्टेशन का निरीक्षण किया, जिसमें निपनिया से भाटापारा तक चौथी लाइन, फुट ओवर ब्रिज जैसे स्थान के लिए जगह को देखा। आगे इस पर सर्वे के बाद तय होगा कि कहां की लाइन से फुट ओवर ब्रिज बनेगा।

## बिलासपुर जोन के जी एम निरीक्षण करने 8 मई को आएंगे



### स्टेशन का तेजी से हो रहा नवीनीकरण

अभी ग्रीष्मकालीन सीजन व स्कूलों में छुट्टी के चलते ट्रेनों में काफी भीड़भाड़ की स्थिति देखने को मिल रही है। वहीं दूसरी ओर भाटापारा रेल्वे स्टेशन को अमृतभारत योजना में आने के कारण स्टेशन का नवीनीकरण व अपग्रेड किया जा रहा है, जिसका काम वर्तमान में जारी है। रेल्वे के वरिष्ठ अधिकारी इसे जल्द पूरा कराने में लगे हुए हैं। बिलासपुर जोन के जी एम निरीक्षण करने संभवतः 8 मई को आयेंगे। इसी के मद्देनजर रायपुर मण्डल के **DRM** ने भाटापारा रेल्वे स्टेशन का निरीक्षण भी किया और चल रहे काम में तेजी लाने के निर्देश भी दिये।

## अव्यवस्था : रौशनी की व्यवस्था भी कंडम, बच्चे होते हैं परेशान

# नेहरू बाल उद्यान बना बदहाली की मिसाल, फव्वारे बंद, झूले टूटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी







नगर के प्रमुख मनोरंजन स्थल नेहरू बाल उद्यान की स्थिति इन दिनों सुधार की मांग कर रही है। प्रतिदिन नगर सहित आसपास क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग यहां घूमने और बच्चों को मनोरंजन के लिए लेकर पहुंचते हैं, लेकिन उद्यान में कई मूलभूत सुविधाओं की कमी और रखरखाव के अभाव से लोगों को निराशा हो रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि उद्यान में साफ-सफाई तो की जाती है, लेकिन जिस स्तर पर नियमित देखरेख और मेंटेनेंस होना चाहिए, वह नहीं हो पा रहा है। पेड़-पौधों की समय-समय पर कटाई-छंटाई नहीं होने से हरियाली अव्यवस्थित हो गई है। कई स्थानों पर अनावश्यक झाड़ियां और पौधे उग आए हैं, जिससे उद्यान की सुंदरता प्रभावित हो रही है।

उद्यान में लगी लाइटें लंबे समय से बंद पड़ी हैं, जिससे शाम के समय पर्याप्त रोशनी नहीं रहती। वहीं आकर्षण का केंद्र रहे फव्वारे भी कार्य नहीं कर रहे हैं। बच्चों के मनोरंजन के लिए लगाए गए कई झूले पुराने और जर्जर हो चुके हैं। कुछ झूले टूट चुके हैं तो कई जाम होने के कारण उपयोग योग्य नहीं हैं।

नगरवासियों का कहना है कि नेहरू बाल उद्यान नगर की पहचान और परिवारों के लिए महत्वपूर्ण स्थल है। यहां गांव के साथ-साथ बाहर से आने वाले लोग भी पहुंचते हैं, जो इसकी बदहाल स्थिति को अनदेखा नहीं कर पाते।

लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि उद्यान की शीघ्र मरम्मत कराई जाए, झूलों को दुरुस्त किया जाए, लाइट एवं फव्वारे चालू किए जाएं तथा नियमित कटाई-छंटाई कर उद्यान को सुंदर और आकर्षक बनाया जाए, ताकि लोग बेहतर वातावरण में समय बिता सकें।

# धौराभाठा में जल जीवन मिशन का कार्य अधूरा

## भीषण गर्मी में बूंद-बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर



सरकार, जल जीवन मीशन योजना के तहत सभी घरों में शुद्ध पेयजल पहुंचाने मुहिम छेड़ा है, ताकि सभी लोगों को पीने का पानी उपलब्ध हो सके। ऐसे कार्य सरकार के जनहित में है, जो स्वागत योग्य है। उक्त कार्य प्रशासन के उदासीनता एवं ठेकेदार के लापरवाही ही सरकार के योजना जमीनी स्तर मे दम तोड़ रही है, जिसका उदाहरण जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के आश्रीत ग्राम पंचायत मुख्यालय धौराभाठा (घो.) में देखने को मिल रहा है। यहां पानी टंकी के कार्य पूर्ण हो चुका है। पाइप लाइन बिछाने के लिए गड्ढा खोदा गया था। पाइप बिछाने के बाद गड्ढा को पाट दिया गया है और सीमेंट से पेंक नहीं किया गया है। वैसी ही पड़ा हुआ है। अभी पाइप लाइन एवं घर कनेक्शन के कार्य पूर्ण नहीं हुए हैं और अभी भीषण गर्मी चल रही है। ग्रामीण पानी के लिए त्राहि त्राहि हो रहे हैं। उक्त गांव में सरकारी योजना ठेकेदार के लापरवाही को दर्शाता है।

धनबाई साहू सरपंच एवं संघ के अध्यक्ष ने चर्चा करने पर बताया कि गांव के जल जीवन मिशन के अधूरा कार्य के संबंध में पिछले साल ग्राम सुराज में लिखित में आवेदन दिए थे, लेकिन आज पर्यन्त तक अपूर्ण कार्य पूर्ण नहीं हुआ।

ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन के अधूरा कार्य को पूर्ण कराने के लिए शासन प्रशासन से मांग की है, ताकि लोगों के शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके। रमाशंकर कश्यप कार्य अभियंता सारंगढ़ से मोबाईल से सम्पर्क करने पर इनकमिंग सेवा बंद बताया।

# जिले में मनाया गया विश्व मलेरिया दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



इस वर्ष भी 25 अप्रैल को राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के माध्यम से जिले भर में विश्व मलेरिया दिवस पर विविध कार्यक्रम का आयोजन सभी स्वास्थ्य केंद्रों में किया गया। इसके तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में पोस्टर, पाम्पलेट सहित समूह चर्चा द्वारा मलेरिया रोग के लक्षण,उपचार और इससे बचाव हेतु सावधानियों का संदेश आम जन को दिया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अवस्थी ने बताया कि इस वर्ष के विश्व मलेरिया दिवस का थीम मलेरिया को समाप्त करने को प्रेरित-अब हम कर सकते हैं, अब हमको करना होगा। जिले में विकासखंड कसडोल मलेरिया को लेकर एक संवेदनशील क्षेत्र है। इस वर्ष क्षेत्र के वनांचल ग्राम सारसडोल में विशेष जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. पंकज वर्मा ने परिचर्चा के दौरान ग्रामीणों को बताया कि मलेरिया मादा एनाफिलीज नामक मच्छर के काटने से फैलने वाली एक संक्रामक बीमारी है। ठंड के साथ तेज बुखार,कपकम्पी, सर, बदन दर्द आंखों मे दर्द कभी कभी बेहोशी ये कुछ लक्षण है, जो मलेरिया हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में तत्काल स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क कर अपना जांच एवं उपचार करवाना जरूरी है। जिले में मलेरिया के वाइवैक्स और फेल्सीफेरम ये दो प्रकार मिलते हैं। मलेरिया में समय पर उपचार जरूरी है अन्यथा जान को खतरा भी हो सकता है।

गौरतलब है कि, जिले में मलेरिया के प्रकरण अब कम हो रहे हैं। वर्ष 2024 में 219 वर्ष 2025 में 60 तथा इस वर्ष अब तक मात्र एक केस मलेरिया के पाए गए हैं। इस अवसर पर सरपंच अशोक कुमार बरिहा, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ वंदना भेले, बीपीएम मनोज मिश्रा, सरोजनी साहू,आशानन्द साहू, चेतन वर्मा, सुनील पैंकरा, प्रकाश कुर्रे, सरिता पैंकरा, हरदयाल पैंकरा, सती वर्मा सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित हुए शिक्षक रजनीकांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

रायपुर में आयोजित भारत के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से जुड़ा एक मात्र तथा देश का सबसे बड़ा नवाचारी शिक्षा समूह भारत छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय विद्यालयों में पदस्थ शिक्षकों द्वारा निर्मित एवं संचालित स्व प्रेरित नवाचारी गतिविधियां समूह भारत द्वारा आयोजित राष्ट्रीय रत्न सम्मान सह राष्ट्रीय शैक्षणिक संप्रवाह 2025-2026 में रजनीकांत साहू शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय फतेपुर विकासखंड उदयपुर जिला सरगुजा निवासी ग्राम धनसीर बिलाईगढ़ को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए विषय गत कार्य एवं नवाचार, पाठ्य सहगामी गतिविधियां की आवश्यकता एवं महत्व, छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न प्रयासों सहित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के फलस्वरूप नवाचारी गतिविधियां समूह द्वारा शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। रजनीकांत साहू को शिक्षा रत्न सम्मान प्राप्त करने पर एफ आर साहू प्रधान पाठक, निर्मला साहू, सुरेश साहू सेवानिवृत सूबेदार, रामदुलार साहू, डॉ. गिरीश शंकर वैष्णव, डॉ एफ आर निराला सीएमएचओ, कामता प्रसाद साहू प्रधान पाठक, नरेंद्र साहू व्याख्याता, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी डीपी सोनी, नीलिमा साहू शिक्षक, दुर्गेश साहू शिक्षक, त्रिपदा साहू, शिक्षक रवींद्र साहू, विनीता साहू व्याख्याता, रेखा देवांगन व्याख्याता, संजीव राजेत्री शिक्षक, रामकुमार साहू व्याख्याता, बृजभान जगत प्रधान पाठक आदि ने बधाई प्रेषित किए।



### शिक्षक लोचन व दुर्गा राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित

पलारी/ बगबुडा। नवाचारी गतिविधियां समूह भारत एडमिन टीम छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह राष्ट्रीय शैक्षणिक संप्रवाह सत्र 2025-26 का आयोजन 25 अप्रैल को रायपुर में स्वामी आत्मानंद प्रो. जे एन पाण्डेय शास. उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्च. माध्य. विद्यालय में आयोजित किया गया। इसमें पलारी ब्लाक के शिक्षक लोचन बांधे और दुर्गा साहू को उसके नवाचारी गतिविधियां के लिए सम्मानित किया गया।



गौरतलब हो कि शिक्षक लोचन बांधे विगत 12 सालों से अपने स्कूल में शिक्षकों का तथा बच्चों का एक अलग ही ड्रेस कोड चला रहे हैं तथा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को शिक्षा दे रहे हैं। उसके स्कूल बांसबिनौरी से विगत 2 वर्षों से लगातार नवोदय विद्यालय में, एकलव्य विद्यालय में, विवेकानंद विद्या पीठ रायपुर में चयन होते आ रहे हैं वही दुर्गा साहू अपने स्कूल पीएम श्री छड़ियां में रोज नए नए टीएलएम के माध्यम से बच्चों को शिक्षा दे रही है। इस सम्मान प्राप्ति पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एनके वर्मा, सहायक विकासखंड सतीश माहेश्वरी, बीआरसीसी जीवन लाल जोशी, प्रधान पाठक भोज राम साहू, रमेश नेताम, विजय कुमार आदित्य, श्याम लाल बंजारे, विनय रंजन बंजारे, दया ध्रुव, दिलेश्वर भारद्वाज, खगेश रात्रे सहित शिक्षकों ने बधाई दी। इस सम्मान समारोह के ग्रुप एडमिन कन्हैया साहू का विशेष सहयोग रहा।

### पेयजल पर महापौर सख्त, नया कनेक्शन से पुरानी पाइप लाइन को नुकसान नहीं हो इसका विशेष ध्यान रखें

**रायपुर**। राजधानी रायपुर में भीषण गर्मी के दौरान किसी भी वार्ड में पेयजल की समस्या नहीं आनी चाहिए, महापौर मीनल चौबे ने इसे लेकर पहले ही नगर निगम के सभी जोन अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। महापौ.र रायपुरा-चंगोराभाठा क्षेत्र में भी पेयजल संकट को लेकर गंभीर हैं तथा लगातार इस क्षेत्र का निरीक्षण कर रही हैं। इस कड़ी में उन्होंने शुक्रवार को भी इस क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वीकृत पानी का नया कनेक्शन के कारण पुरानी पाइप लाइन को कोई नुकसान नहीं होना चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जब तक चंगोराभाठा में पानी की समस्या है, तब तक जितने भी पानी टैंकर लगें, उपलब्ध कराए जाएं।



## भाटापारा शाखा नहर में लबालब पानी



बंगोली| भाटापारा शाखा नहर में इन दिनों लबालब पानी चल रहा है| भीषण गर्मी से तालाब, पोखर में पानी सूख गया है, जिसे देखते हुए जल संसाधन विभाग ने गंगरेल बांध से पानी छोड़ा है। इससे भाटापारा शाखा नहर से एग्रीमेंट ग्रामों में छोटे नहर नाली के माध्यम से तालाबों में पानी भरा जा रहा है |

## प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया

# पलारी में निकाली भगवान परशुराम की शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



विकासखंड पलारी अखंड ब्राह्मण सेवा समिति पलारी के तत्वावधान में शक्रवार को परशुराम जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा गायत्री मंदिर स्वास्थ्य केंद्र होते गांधी चौक नगर के चौक-चौराहा तक पदयात्रा करते हुए भगवान परशुराम की झांकी कीर्तन भजन करते हुऐ भ्रमण की। इस दौर महिला-पुरुष वह छोटे-छोटे बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिए। उन्होंने भगवान परशुराम का झंडा एव छायाचित्र एवं फरसा हाथ में लिऐ भगवान परशुराम की जयकारा लगाते नगर भ्रमण किया, जहां जगह-जगह भगवान परशुराम का नगर वासियों द्वारा पूजा अर्चना की और परिवार एवं नगर की सुख समृद्धि की कामना करते हुए पूजा की।

मुख्य अतिथि कसडोल विधायक संदीप साहू की पत्नी सीमा साहू, वरिष्ठ अतिथि पूर्व कृषक कल्याण बोर्ड सुरेंद्र शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष अखंड ब्राह्मण समाज योगेश तिवारी, जिलाअध्यक्ष श्याम शुक्ला, चित्रा तिवारी, विपिन बिहारी वर्मा, हितेंद्र ठाकुर, परिवेश तिवारी, सुनील शर्मा, उमाशंकर मिश्रा, यश प्रभा पांडे, धीरज मिश्रा, आदि की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस अवसर पर सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज सभी क्षेत्र में शिक्षक के रूप में देखा जाता है। आप आप सभी सामाजिक बंधु सभी के सुख-दुख में एक साथ खड़े होकर काम करें, जिससे हमारी एक पहचान बनेगी।शिक्षा के क्षेत्र में अपने अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें, ताकि ब्राह्मण समाज का नाम रोशन करें भगवान परशुराम की अनुरूप सत्य का काम करें। प्रदेश अध्यक्ष योगेश तिवारी ने कहा अखंड ब्राह्मण समाज सेवा सेवा समिति पलारी ने कम समय ही में पलारी की सभी गांव में घूम-घूम कर सामाजिक बंधु को समाज में जोड़ने का कार्य किए हैं। वह बहुत ही सराहनीय योग्य है सदा ही संगठन जुड़कर कार्य करें जिससे सभी का भाईचारा बनायेगा। कार्यक्रम में भगवान परशुराम की झांकी देखने के लिए लोग बड़ी संख्या में पहुंचे हुए थे जो की मनमोहन का केंद्र बना हुआ था इस अवसर पर अखंड ब्रह्मण सेवा समिति के सदस्य एवं सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### इनका हुआ सम्मान

गायत्री मंदिर में वरिष्ठ नागरिक पत्रकार प्रतिभावान छात्र-छात्राएं शिक्षा एवं स्वस्थ्य के क्षेत्र में जो सेवा किए हुए हैं, उनका भी सम्मान तिलक लगाकर श्रीफल एवं मोमेंटो प्रशस्ति पत्र से मुख्य अतिथि एवं वरिष्ठ नागरिक के द्वारा सम्मानित किया गया। इसमें परिवेश तिवारी थानेदार, शिक्षा के क्षेत्र में शेखराम शर्मा, टंकार शर्मा, मणि प्रसाद मिश्रा, यादव प्रसाद त्रिपाठी, रामायण तिवारी, शिव कुमार शर्मा, स्वास्थ्य विभाग गैंदलाल चौबे, मीडिया के क्षेत्र में वरिष्ठ पत्रकार मुकेश झा, तोषन प्रसाद चौबे, ऋषभ चौबे प्रतिभावान छात्र-छात्राएं शिवम शर्मा, श्रद्धा त्रिपाठी, अपूर्व मिश्रा, सृष्टि मिश्रा, टोपेश्वर मिश्रा, दीपांशु तिवारी,डॉ. श्रद्धा मिश्रा को सम्मानित किया गया सभा स्थल में भगवान परशुराम की पूजा अर्चना करने के बाद अतिथियों को भी साल श्रीफल मग्नेटो तिलक लगाकर ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा सम्मान

